एक नजर में

बीइंग ह्यूमन क्लोथिंग बना ऑक्सफोर्ड इंडिया फोरम का प्रायोजक

इंदौर. बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग ने ऑक्सफोर्ड इंडिया फोरम 2025 में हेडलाइन स्पॉन्सर के रूप में भाग लेकर भारत की वैश्विक पहचान को आकार देने की दिशा में एक सार्थक पहल की. यह फोरम ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित सबसे प्रतिष्ठित सम्मेलनों में से एक है, जिसमें भारत की बदलती वैश्विक छवि पर संवाद हुआ और जिसकी मूल भावना में कर्तव्यबोध, करुणा और सामाजिक प्रभाव की भावना निहित रही. बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग के कार्यकारी निदेशक अयान अग्निहोत्री ने इस अवसर पर कहा इस मंच का समर्थन करना हमारे लिए गर्व की बात रही, जहाँ भारत के भविष्य को आकार देने वाले प्रभावशाली विचार सामने आए. बीइंग ह्यूमन में हमारा विश्वास है कि परिवर्तन की शुरुआत ज्ञान, सहानुभूति और संवाद से होती है और यही मूल्य इस फोरम की आत्मा में समाहित हैं. सबसे प्रेरणादायक रहा वक्ताओं की विविधता और उनकी प्रतिबद्धता, जिन्होंने भारत की चुनौतियों और अवसरों को गहराई से समझा.

मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी96 5जी

इंदौर. मोटोरोला, ने आज मोटो जी96 5जी को लॉन्च किया. यह इस साल का पहला जी-सीरीज़ फोन है और पिछले साल के सबसे लोकप्रिय 20,000 से कम कीमत वाले फोन मोटो जी85 5जी का अगला संस्करण है. इस फोन में 20,000 रुपए से कम कीमत में शानदार फीचर्स दिए गए हैं. इसमें सेगमेंट का सबसे बेहतरीन 144हर्टज 3डी कवर्ड पीओलेड एफएचडी+ डिस्प्ले है, जो आईपी68 वॉटरप्रूफ सुविधा के साथ आता है. इसके अलावा, इसमें 50 एमपीओ आईएस सोनी लिटिया 700सी कैमरा है, जो मोटो एआई और सभी लेंसों से 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है. इस लॉन्च के बारे में टी.एम. नरसिम्हन, मैनेजिंग डायरेक्टर, मोबाइल बिज़नेस ग्रुप इंडिया ने कहा- मोटोरोला का लक्ष्य है आधुनिक टेक्नोलॉजी को और उपयोगी व सभी के लिए सुलभ बनाना. मोटो जी 96 5जी के साथ हम प्रीमियम तकनीक को और अधिक लोगों तक पहुंचा रहे हैं. यह बेहतर स्मार्टफोन अनुभव को सभी के लिए आसान बनाने की दिशा में हमारा एक कदम है।.

ब्रिटिश काउंसिल की प्री-डिपार्चर ब्रीफिंग 29 को

इंदौर. ब्रिटिश काउंसिल, जो शैक्षणिक अवसरों और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए यूके की अंतर्राष्ट्रीय संस्था है,भारतीय विद्यार्थियों को 29 जुलाई को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक स्टडी यूके प्री-डिपार्चर ब्रीफिंग में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर रही है. यह वर्चुअल कार्यक्रम उन विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, जिन्हें यूके के उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययन करने का प्रस्ताव मिला है. यह वर्चुअल ब्रीफिंग सत्र यूके में जीवन और अध्ययन की तैयारी के महत्वपूर्ण पहलुओं पर व्यावहारिक मार्गदर्शन और विशेषज्ञों की सलाह प्रदान करेगा. विद्यार्थी-वीजा आवेदनों की प्रक्रिया से लेकर आवास विकल्पों की खोज तक, और यूके के पूर्व विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष अनुभव सुनने तक, यह सत्र विद्यार्थियों को सफल शैक्षणिक यात्रा के लिए आवश्यक आत्मविश्वास और ज्ञान प्रदान करने का उद्देश्य रखता है. यूके विश्वविद्यालयों और बीयूआईएलएके प्रतिनिधि भी उपस्थित होंगे, जो विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष जानकारी और यूके की उच्च शिक्षा के अनुभव की गहरी समझ प्रदान करेंगे.

वसंत कानेटकर का सुर्याची पिल्ले नाटक सानंद के मंच पर

इन्दौर. सानंद न्यास के पांच दर्शक समूहों के लिये माईलस्टोन नाटक सूर्याची पिल्ले का मंचन आगामी 11-12-13 जुलाई को स्थानीय देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागृह में होगा. सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं मानद् सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि मराठी रंगभूमी के सुनहरे दिन जिन प्रमुख लेखको ने समृध्द किए उनमें वसंत कानेटकर का नाम सन्मान से लिया जाता है. एकही नाटक में इतने सारे सुपरस्टार कलाकारों को देखना भी सानंद दर्शकों के लिये सुखद घटना सिद्ध होगी. सूर्याची पिल्ले जैसी दर्जेदार कलाकृती को पुन: रंगमंच पर लाने का श्रेय निर्माता अभिनेता सुनील बर्वे को निश्चित ही है. नाटक के कलाकार है आनंद इंगळे, पुष्कर श्रोत्री, अनिकेत विश्वासराव, स्नेहा माजगांवकर, सुहास परांजपे, उमेश जगताप, शर्वरी पाटणकर एवं सुनिल बर्वे. नाटक सूर्याची पिल्ले का मंचन 11 जुलाई को मामा मुजुमदार समूह के लिये सायं. 6.30 बजे, 12जुलाई को रामुभैय्या दाते समूह के लिये अपराह्न 3.30 बजे, सायं. 7.30 बजे राहुल बारपुते समूह के लिये, 13 जुलाई को वसंत समूह के लिये अपराह्न 3.30 बजे एवं सायं 7.30 बजे बहार समूह के लिये होगा.

टेक्नो पोवा7 सीरीज की स्पेशल सेल शुरू

इंदौर. टेक्नो पोवा7सीरीज़ बिना समझौते सभी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए आ गई है. ये उन लोगों के लिए बनाई गई है, जो ज्यादा की मांग करते हैं. इन स्मार्टफोन में बोल्ड स्टाईल के साथ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी भी है। पोवा के लिए उत्साह लगातार बढ़ रहा है और इसी बीच पोवा7 और पोवा7 प्रो की सेल 10जुलाई से फ्लिपकार्ट पर शुरू हो चुकी है. इस सीरीज़ में पॉवर और स्टाईल के साथअसली टेक्नोलॉजी है. यह सीरीज़ पोवा के बेटर फास्टर स्ट्रांगर के वादे को पूराकरते हुए उस पीढ़ी के लिए बनाई गई है, जिसकीस्पीड कभी कम नहीं होती. डेल्ट प्रतीक से प्रेरित पोवा7 सीरीज़ उन लोगों के लिए है, जो लगातार विकास करते हैं। इसके डेल्टा लाईट इंटरफेस में 104 मिनी एलईडी लाईट लगी हैं, जोम्यूज़िक, कॉल्सऔर चार्जिंग के लिए प्रतिक्रिया प्रदर्शित करती हैं, जिससे इसका फंक्शन आकर्षक बन जाता है. पोवा7प्रो में144गीगाहर्टज़ रिफ्रेश रेट के साथ6.78इंच का1.5केएमोलेड डिस्प्ले दिया गया है. पोवा7का डिस्प्ले भी इसी आकार का है, परइसमें वाईब्रैंट एफएचडी प्लस एलटीपीएस स्क्रीन दी गई है.

प्राइमडे पर रोज़मर्रा की चीजों पर बचत!

इंदौर. इस प्राइम डे पर अमेजन .इन ने नई शुरुआत को और भी खास बनाने के लिए गिगल बॉक्स नाम से एक विशेष बेबी एसेंशियल्स हैम्पर लॉन्च किया है, जिसका टैगलाइन है, हर शुरुआत के लिए सबसे अच्छा. विश्वसनीय उत्पादों से थॉटफुल तैयार किया गया यह गिफ्ट बॉक्स नए माता-पिता के लिए बेबी गिफ्टिंग को बेहद आसान बना रहा है, वो भी प्राइमडे की सबसे बड़ी बचत के मौके पर. 12 से 14जुलाई तक प्राइम मेंबर्स को 30 लाख से ज्यादा रोजमर्रा के जरूरी सामानों पर 60% तक की छूट और ताजे किराना उत्पादों पर 50% तक की बचत मिलेगी. यह मौका किचन को री स्टॉक करने, हेल्थ वेलनेस किट को अपग्रेड करने या कुछ नया ट्राय करने के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। साथ ही, ग्राहकों को मानसून सीजन के लिए जरूरी स्नैक्स, पेय पदार्थ और हेल्थ प्रोडक्ट्स पर खास डील्स मिलेंगी, 400 रूपये का फ्लैट कैशबैक मिलेगा औरअमेजन फ्रेश पर हजारों उत्पादों की 2 घंटे की स्लॉट डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

एचपी ने लॉन्च किए लेजर एम300 प्रिंटर्स

इंदौर. एचपी ने भारत में एचपी लेजर एम300 सीरीज लॉन्च करने का एलान किया. लेजर प्रिंटर्स की इस रेंज को विशेष रूप से भारत के तेजी से बढ़ते सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों, स्थानीय कारोबारियों एवं प्रिंट शॉप की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया गया है. इस सीरीज में पांच मॉडल्स- लेजर एमएफपी 323एसडीएनडब्ल्यू, 323डीएनडब्ल्यू, 323डी, 303डीडब्ल्यू और 303डी हैं। इनसे किफायती कीमत में फास्ट ऑटो-डुप्लेक्स प्रिंटिंग, शार्प प्रिंट क्वालिटी और एनर्जी एफिशिएंसी मिलेगी. एचपी इंडिया के सीनियर डायरेक्टर प्रिंट कैटेगरी इंडिया बीडीएसएल मार्केट सतीश कुमार ने कहा एचपी में हर इनोवेशन की शुरुआत ग्राहकों की जरूरतों को लेकर गहरी समझ से होती है. हमारा मानना है कि सिस्टम डाउनटाइम का एक मिनट की कारोबार पर असर डालता है. एचपी लेजर एम300 सीरीज को कम मेंटेनेंस में तेज, हाई-क्वालिटी डुप्लेक्स प्रिंटिंग के लिए तैयार किया गया है, जिससे भारत के डायनामिक बिजनेस इकोसिस्टम में कंपनियों की प्रगति एवं दृढ़ता को समर्थन मिल सके.

लुक बदलने पर बोले फेवरेट स्टार्स!

इंदौर. टीवी पर कॉमेडी करने वाले कलाकार न सिर्फअपनी जबरदस्त टाइमिंग से दर्शकों को हँसाते हैं, बल्कि अपने बदलते हुए लुक्स से भी उनका खूब मनोरंजन करते हैं. एण्डटीवी के योगेश त्रिपाठी ('हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी) अक्सर अलग-अलग वेश बनाकर सबको हँसाते हैं. योगेश त्रिपाठी ने बताया मेरे सबसे पसंदीदा लुक्स में से एक वो था जब मैंने एक ड्रीम सीक्वेंस में शाही राजा का वेश बनाया था. भारी-भरकम शेरवानी, आभूषण, सिर पर मुकुट -पूरा रॉयल लुक था बड़े-बड़े डायलॉग्स, शानदार सेट और राजसी अंदाज़ ने उस शूट को यादगार बना दिया. रोहिताश्व गौड़ ने बताया हाल ही में जो सबसे मज़ेदार गेटअप मैंने किया, वो था नकली चंदन ठग का. बिखरे हुए बाल, मोटी-मोटी सोने की चेन, लुंगी स्टाइल में वेस्टी और ऊपर से पूरा साउथ इंडियन स्वैग. पूरा लुक ही ओवर-द-टॉप था. ये गेटअप्स हमारी परफॉर्मेंस में नयापन बनाए रखते हैं और दर्शकों के लिए तो हर बार एक नया सरप्राइज लेकर आते हैं.

नगर निगम ऑन डिमांड पर घर-घर से उठाएगा कचरा

- प्राणी संग्रहालय में बनेगा पहला फीश एक्वेरियम
- चंदन नगर से एयरपोर्ट लिंक रोड टेंडर मंजूर
- मेयर इन कौंसिल की बैठक में कई निर्णय

नव भारत न्यूज

इंदौर. निगम महापौर परिषद की बैठक में शहर के विकास कार्यों को लेकर कई निर्णय लिए गए है। इसके तहत पश्चिमी रिंग रोड से एयरपोर्ट को जोड़ने वाली लिंक रोड, एमआर 5 से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक दर्ज लाइन, 29 गावों में तीन पैकेज पर सिवरेज लाइन डालने, पीपीपी मॉडल पर फिश एक्वेरियम, बड़ा गणपति फ्लाई ओवर निर्माण के लिए सिवरेज लाइन शिफ्टिंग, मोबाइल एप से ऑन डिमांड कचरा संग्रहण करने जैसे कार्यों की स्वीकृति दी गई.

आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में एमआईसी के बैठक हुई. बैठक में शहर से जुड़े विभिन्न योजनाओं में कार्यों के टेंडर और प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई. बैठक के एजेंडे में 42 मुद्दे रखे गए थे. उसमें सबसे प्रमुख चंदन नगर से एयरपोर्ट रोड की लिंक रोड 26.83 के टेंडर को पास किया गया. बैठक में 29 गांवों में 61.50 करोड़ रुपए से अमृत 2.0 योजना में 3 पैकेज में सिवरेज लाइन डालने टेंडर मंजूर किए गए. एमआर 5 आर आर सिटी से लक्ष्मी बाई प्रतिमा तक 16.18 करोड़ की लागत से ड्रेनेज कार्य करने अनुमति दी गई. शहर के मध्य नगर निगम से अहिल्या आश्रम तक रिवर फ्रंट डेवलपमेंट 22.75 करोड़ के कार्य को स्वीकृत किया गया. शहर में मोबाइल एप के द्वारा ऑन डिमांड कचरा संग्रहण कार्य को मंजूर किया गया है. शहर की जनता अब मोबाइल एप द्वारा निगम को काल या मैसेज करने पर कचरा कलेक्शन किया जाएगा. शहर के प्राणी संग्रहालय में पीपीपी मॉडल पर फिश एक्वेरियम निर्माण की मंजूरी दी गई. उक्त फिश एक्वेरियम सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा एक्वेरियम होगा.

इन प्रस्तावों को भी किया मंजूर

मालवामिल कम्यूनिटी हॉल का निर्माण, बड़ा फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण में बाधक सीवर लाईन शिफ्टिंग के टेंडर, प्रधानमंत्री आवास योजना के 573 आवेदको को बहुमंजिला इमारतों में आवंटन, रीजनल पार्क को पीपीपी मॉडल पर एजेंसी तय कर देने पर सहमति प्रदान की गई है. इसके अलावा निगम कर्मचारियों की चेहरा आधारित उपस्थिति, निगम वर्कशॉप का आधुनिकीकरण, विद्युत, जलकर, जनकार्य विभाग के वार्डो में प्रस्ताव मंजूर किए गए. बैठक में आयुक्त शिवम वर्मा, महापौर परिषद सदस्य राजेन्द्र राठौर, अश्विनी शुक्ल, अभिषेक शर्मा, मनीष शर्मा, राकेश जैन, प्रिया डांगी, सभी अपर आयुक्त एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे.

राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में इंदौर से चयनित खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

इंदौर. दतिया में आयोजित होने जा रही 11वीं राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में इंदौर के होनहार खिलाड़ी भी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे. प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल्स के माध्यम से किया गया, जिसमें इंदौर के कई संस्थानों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया.

इंदौर की ओर से क्रीस कॉलेज की हिमांशी वर्मा का चयन किया गया है, जो शहर का प्रतिनिधित्व करेंगी। वहीं, वैष्णव स्कूल के कई खिलाड़ी भी प्रतियोगिता में भाग लेंगे और अपने दमदार खेल का प्रदर्शन करेंगे. खिलाड़ियों के चयन में मध्यप्रदेश कुराश संघ के सचिव राहुल व्यास, वैष्णव स्कूल के ट्रस्टी मनीष भाटी, प्रिंसिपल नवीन मुगदाल, रूपाली त्रिवेदी, कोच महेश पुरोहित व आकाश तिवारी, इंदौर कुराश संगठन के अध्यक्ष घनश्याम करौले, समाजसेवी संजय ने, धन्नालाल गोयल एवं कपिल तिवारी की अहम भूमिका रही. कोच महेश पुरोहित ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित खिलाड़ियों में शामिल हैं: अंशुल सोलपंखी, यावल नागौरी, आकाश चौहान, संकल्प, सुमित, नमन, सम्राट, विहान, गौतम, शिव, पुनीत, प्रयत्न, वेदांत, कुलदीप और हिमांशी वर्मा. कोच ने कहा कि सभी खिलाड़ी उत्साही और प्रतिभाशाली हैं.

एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव आज, सीएम करेंगे शुभारंभ और निवेशकों से चर्चा

- हुडको 50 हजार करोड़ का ऋण देने को तैयार

मोहन यादव

संकेत भोंडवे

नव भारत न्यूज

इंदौर. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शहर में कल एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है. उक्त कॉन्क्लेव शहरों के अधोसंरचना विकास को लेकर होगा. कॉन्क्लेव में विभिन्न क्षेत्रों के कंपनियों के देश विदेश से प्रतिनिधि भाग लेंगे. आज नगरीय प्रशासन आयुक्त ने प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि हुडको मध्यप्रदेश सरकार को 50 हजार करोड़ का ऋण देने को तैयार है।

शुक्रवार को होने वाली एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव को लेकर नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे ने आज पत्रकारों से चर्चा की. कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भोंडवे ने कहा कि एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव चार सेक्टर को लेकर किया जा रहा है. इसमें अर्बन फारेस्ट, अर्बन मोबीलिटी, अर्बन इंफ्रा और अर्बन टेक्नोलॉजी मुख्य है. उन्होंने कहा कि अर्बन फारेस्ट के तहत अभी तक 1 हजार रजिट्रेशन हो चुके है, जिनमें सामाजिक संस्थाओं से लेकर एनजीओ तक कई तरह के लोग शामिल है.कल कॉन्क्लेव में देश विदेश से फ्रांस की कंपनी टेपल वेयर भी आ रही है. उक्त कंपनी पूरे विश्व में 80 प्रतिशत केबल कार का काम कर रही है. इसी कंपनी द्वारा उज्जैन में नानाखेड़ा बस स्टैंड से महाकाल मंदिर तक केबल कार डालने का काम किया जाएगा. इसी तरह हुडको द्वारा भी मध्यप्रदेश सरकार को शहरों में विकास के लिए 50 हजार करोड़ रुपए के ऋण देने की स्वीकृति दी है.

विकास और रोजगार उद्देश्य

भोंडवे ने कहा कि और भी कई निवेशकों द्वारा सरकार के साथ कल एमओयू साइन किए जाएंगे. एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव का उद्देश्य प्रदेश के शहरों का मूलभूत सुविधाओं के साथ विकास और रोजगार है. उन्होंने बताया कि राज्य सरकार होटल, उद्योग, पर्यटन, रियल स्टेट और शहरों के अधोसंरचना विकास की एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव द्वारा पहल है. प्रदेश के विकास की जानकारी देते हुए कहा कि फिलहाल 72 हजार करोड़ की परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है. करीब 88 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं पाइप लाइन में है.

इंदौर की जीडीपी को 2030 तक दोगुना करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य

लक्ष्य प्राप्ति में उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका एवं योगदान पर उद्योगपतियों से चर्चा

इंदौर. एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के सभागृह में आज इंदौर की आर्थिक विकास यात्रा को नये आयाम तक पहुंचाने तथा शहर की जीडीपी 2030 तक दोगुना करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्ति में उद्योगों की महती भूमिका एवं योगदान पर सांसद शंकर लालवानी ने उद्योगपतियों से चर्चा की गई और उद्योगपतियों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी सेक्टरों को लेकर सांसद सेवा संकल्प के अन्तर्गत तैयार किये गये ब्लूप्रिंट की जानकारी साझा की.

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि इंदौर की जीडीपी सन् 2014 में 60 हजार करोड थी जो वर्तमान में 1.25 लाख करोड़ रू. है जिसे आने वाले समय यानि अगले 5 वर्ष में सन् 2030 तक दोगुना रू. 2.70 लाख करोड करने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें विभिन्न व्यवसायिक समूहों सहित एमएसएमई उद्योगों की विशेष भूमिका है तथा उद्योग कारोबार के तेज विकास हेतु एक रणनीति के तहत केन्द्र व राज्य सरकार के सहयोग से प्रयास किये जा रहे है. वर्तमान में इंदौर के आसपास विकास के बहुत अच्छे अवसर है जिसके लिए हमारे लगातार प्रयास जारी है. हमारे देश के प्रधानमंत्री भी देश की जीडीपी बढाने हेतु लगातार प्रयासरत है इसमें इंदौर का अहम योगदान हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी क्योकि इंदौर उम्मीदों का शहर है तथा यहां उद्योग व्यापार के विकास की बहुत ही अच्छी संभावनाए है. सांसद ने कहा कि इंदौर का नाम हमारे प्रदेश में ही नहीं देश के बड़े शहरों में बहुत ही शान से लिया जाता है, हमारा शहर प्रदेश की आर्थिक राजधानी होने के साथ साथ इंदौर एमएसएमई श्रेणी के उद्योगों का हब है जिसका समग्र विकास हो रहा है, यहां स्टार्टअप और आईटी का हब वही क्लस्टर विकास को भी बढ़ावा मिल रहा है. संचालन मानद सचिव तरूण व्यास ने किया और आभार पूर्व अध्यक्ष प्रमोद डफरिया ने माना. बैठक में एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य एवं बडी संख्या में उद्योगपतिगण एवं गणमान्यजन उपस्थित हुए. कार्यक्रम में अर्थशास्त्री डॉ. जयंतीलाल जी भंडारी ने इंदौर 2030 के लिए तैयार किये गये ब्लूप्रिंट की प्रमुख बातों सहित आर्थिक विकास और इंदौर में औद्योगिक संभावनाओं को विभिन्न क्षेत्रों में अपने अनुभवों को ध्यान में रखते हुए विस्तृत रूप से बताया.

सहयोग करने के लिए तत्तर

अध्यक्ष योगेश मेहता ने कहा कि हमारे एमएसएमई सेक्टर का जो भी सहयोग आप चाहते है, इसके लिए हम तत्परता से आपके साथ है. इसके लिए आपने मास्टर प्लान त्वरित लाने, प्रस्तावित 140 किलोमीटर रिंगरोड के आसपास उद्योग क्षेत्र विकसित करने, फुटवेयर क्लस्टर कियान्वित करने, एक्सपोर्ट में उद्योगो को मार्गदर्शन व अंतराष्ट्रीय मेलों में सहभागिता हेतु उद्योगों को राज्य सरकार से सब्सिडी देने आदि जैसे कई सुझाव रखे.

उद्योगपतियों ने दिए सुझाव-अध्यक्ष योगेश मेहता ने सभागृह में उपस्थित उद्योगपतियों से खुले मंच से सुझाव भी लियें जिसमें प्रतिक पटेल, ओम धूत, संजय अग्रवाल, अनिल जोशी, नवीन धूत, नितिन तेंदूलकर, सुरेश नुहाल, अजयसिंह दासुंदी, हेमेन्द्र बोकाडिया, विनय कालानी, सतीश मित्तल, हरीश नाग नागर, सहित अन्य कई उद्योगपतियों ने भी उद्योगों की बुनियादी समस्याओं के निराकरण करने, बिजली समस्याओं निराकृत करने, प्रस्तावित क्लस्टर विकास को क्रियान्वित करने, एक्सपोर्ट में सपोर्ट करने, लेबर विभाग की समस्याओं का समाधान करने जैसे कई सुझाव दिये.

हेल्दी कुकिंग के ज़रिए सेहतमंद जीवन की पहल

शुगर स्मार्ट शेफ जूनियर 27 जुलाई को

इंदौर. छोटे हाथ, बड़ी सोच और सेहतमंद स्वाद, इंदौर अब बच्चों को कुकिंग के ज़रिए हेल्दी लाइफस्टाइल की ओर ले जाने की तैयारी कर रहा है. शहर में पहली बार, 27 जुलाई को बास्केटबाल कॉम्प्लेक्स में एक खास कैंप का आयोजन होने जा रहा है, जहां बच्चे शेफ बनेंगे, सेहत और स्वाद का आदर्श मेल प्रस्तुत करेंगे. इस अनोखी प्रतियोगिता का नाम है 'शुगर स्मार्ट शेफ जूनियर', जो टाइप-1 डायबिटीज से बहादुरी से लड़ रहे सुपरस्टार बच्चों के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन की गई है.

इस पहल के आयोजक सीनियर एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. संदीप जुल्का हैं, जो बच्चों और उनके माता-पिता को डायबिटीज मैनेजमेंट के साथ-साथ हेल्दी ईटिंग हैबिट्स के प्रति भी जागरूक करना चाहते हैं. डॉ. संदीप जुल्का देश के उन चुनिंदा हार्मोन रोग विशेषज्ञों में शामिल हैं जो ओबेसिटी टास्क फोर्स का हिस्सा हैं. शुगर स्मार्ट शेफ जूनियर जैसे इवेंट की जरूरत के बारे में डॉ. संदीप जुल्का ने बताया बच्चों में यदि शुरू से ही हेल्दी खाने की समझ और आदतें विकसित की जाएँ, तो न सिर्फ बीमारियों से बचा जा सकता है, बल्कि उन्हें एक बेहतर और संतुलित जीवन जीने की दिशा दी जा सकती है. टाइप-1 डायबिटीज के साथ जी रहे ये बच्चे हर दिन अपने साहस, आत्मविश्वास और सकारात्मकता से हमें जीने का नया तरीका सिखा रहे हैं. मुझे उम्मीद है कि इस कैम्पेन के माध्यम से हम वह जागरूकता लाने में सफल होंगे. शुगर स्मार्ट शेफ जूनियर' में छोटे शेफ्स घर पर बनाई गई हेल्दी रेसिपी के वीडियो और रेसिपी नोट्स के साथ पहले राउंड में हिस्सा लेंगे, वहीं फिनाले में लाइव 'माई ड्रीम लंच बॉक्स' बनाकर जजों को दिखाएंगे कि डायबिटीज फ्रेंडली डिश भी कितनी स्वादिष्ट हो सकती है. विजेता बच्चों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे ताकि उनका उत्साह और आत्मविश्वास और बढ़े।

कृषि क्षेत्र में किसानों के विकास के उद्देश्य से एग्रीकल्चर आउटरीच का आयोजन

इंदौर. पंजाब नैशनल बैंक द्वारा 11 जुलाई, शुक्रवार को कृषि क्षेत्र में किसानों के विकास के उद्देश्य से एग्रीकल्चर आउटरीच का आयोजन देश भर की सभी शाखाओं में एक साथ किया जा रहा है. इंदौर मंडल के सभी जिलों में स्थित शाखाओं में भी एग्रीकल्चर आउटरीच का आयोजन किया जा रहा है. इंदौर मंडल में मुख्य आयोजन उज्जैन रोड स्थित जाखिया शाखा, महेश्वर शाखा और पीथमपुर रोड स्थित शाखा सोनवाय के परिसर में होगा.

इंदौर मंडल प्रमुख अनिल कुमार अनल ने बताया कि पंजाब नैशनल बैंक ने वित्त मंत्रायल के दिशा निर्देशानुसार कृषि क्षेत्र के विकास हेतु किसानों के लिए काफी लोन स्कीम चलाई है जो छोटे और मध्यम श्रेणी के किसानों और कृषि क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यापारियों के लिए बेहद लाभकारी है. बैंक किसानों को अत्यंत कम दर पर केसीसी जैसी लोन सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है. इसी के दृष्टिगत 11 जुलाई को बैंक एग्रीकल्चर आउटरीच का आयोजन करने जा रहा है. इंदौर मंडल की 70 से भी अधिक शाखाओं में यह आयोजन होगा. चूंकि इंदौर के आस पास के क्षेत्रों में खेती कार्य और खेती से संबंधित व्यापार व्यवसाय बड़े पैमाने पर होता है इसलिए यहां कृषि क्षेत्र के विकास की भरपूर संभावना है. बैंक द्वारा इंदौर में आउटरीच के कार्यक्रम की व्यापक तैयारी की गई है. बैंक की जाखिया, महेश्वर और ग्राम सोनवाय में स्थित शाखा में किसानों को कृषि संबंधित लोन स्कीम की जानकारी दी जाएगी साथ ही पात्र ग्राहकों के ऋण तत्काल स्वीकृत भी किए जाएंगे. ग्राहकों के मार्गदर्शन हेतु बैंक के लोन विशेषज्ञ अधिकारी आउटरीच कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे. इस कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी व सुविधा भी ग्राहकों को प्रदान की जाएगी. प्रधान कार्यालय दिल्ली से बैंक के सीजीएम सुनील गोयल एवं उप अंचल प्रबंधक हर्ष कुमार मेहता भोपाल अंचल कार्यालय से आउटरीच कार्यक्रम में भाग लेने इंदौर पधार रहे हैं.

गुरु पालकी यात्रा — युवा हृदय सम्राट आचार्य विश्वरत्न सागर को समाजबंधु पालकी यात्रा के रूप में ले गए नरसिंह वाटिका

संत, समाज को चैतन्यता के साथ ऊर्जा भी प्रदान करते हैं : विश्वरत्न

इंदौर. सीखने की उम्र कभी खत्म नहीं होती. सीखने की कोई सीमा भी नहीं होती. सीखना ही शिष्यत्व है. मालवा क्षेत्र के 500 वर्षों के इतिहास में ऐसे दिव्य, तपस्वी और मर्यादावान महापुरुष हुए हैं, जिन्होंने धर्म-संस्कृति के माध्यम से समाज को इतना चैतन्य और अनुशासित बनाया है कि आज सैकड़ों वर्ष बाद भी हम उनकी वंदना कर रहे हैं. संत समाज को चैतन्यता के साथ ऊर्जा भी प्रदान करते हैं. चातुर्मास में त्याग, तप, साधना और सेवा के साथ संयम के मार्ग पर चलना ही सबसे बड़ा पुण्य माना गया है.

ये विचार हैं युवा हृदय सम्राट आचार्य विश्वरत्न सागर के, जो उन्होंने अर्बुदगिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के तत्वावधान में गुरूवार को एयरपोर्ट रोड स्थित महावीर बाग से नरसिंह वाटिका तक निकाली गई भव्य गुरू पालकी यात्रा के पश्चात नरसिंह वाटिका पर आयोजित गुरू गुणानुवाद सभा में उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए और सभी पूर्ववर्ती आचार्यों के प्रति वंदना की. उन्होंने मालवा रत्न से विभूषित अपने गुरू नवरत्न सागर का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि उनके संपर्क और सानिध्य में आने के बाद खोटा सिक्का भी खरा बन जाता है. गुरू की महिमा की कोई सीमा नहीं होती. गुरू अपने शिष्य की प्रगति से हमेशा प्रसन्नता महसूस करते हैं. आज समाज में जो कुछ चैतन्यता नजर आ रही है, वह इन सब गुरूओं और साधुओं के त्याग और तप का ही परिणाम है. नरसिंह वाटिका पर आज से चातुर्मासिक धर्मसभा का शुभारंभ हो गया है. इसमें प्रत्येक रविवार को विश्वरत्न सागर के सानिध्य में विशेष शिविरों का आयोजन भी होगा. इनमें पहला शिविर रविवार को सुबह नियमित धर्मसभा के पश्चात 'संबंध कैसे जोड़ें' विषय पर होगा।

गुरु पूर्णिमा का महत्व बताया

महावीर बाग से सैकड़ों भक्तों द्वारा अपने कंधों पर पालकी में विराजित युवा हृदय सम्राट विश्वरत्न सागर के नरसिंह वाटिका पहुंचने पर संगीतकार देवेश जैन की मधुर गीतांजलि के बीच आयोजन समिति के पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, प्रीतेश ओस्तवाल, मनीष सुराना, पारसमल बोहरा सहित सैकड़ों समाजबंधुओं ने जय-जयकार के बीच हर्ष ध्वनि की और सभी साधु साध्वी भगवंतों की अगवानी की. इस अवसर पर हेमेन्द्रश्री, दमिताश्री, अमितगुणाश्री, निर्मलगुणाश्री, कल्पद्रुमाश्री, सिद्धांतज्योतिश्री, शुद्धिप्रसन्नाश्री, पूर्णायशाश्री सहित शहर में विराजित साधु साध्वी भगवंतों ने भी सानिध्य प्रदान किया. धर्म सभा में गणीवर्य कीर्तिरत्न एवं उत्तम रत्न ने भी अपने उदबोधन में गुरू पूर्णिमा का महत्व बताया और श्रावकों से आग्रह किया कि वे चातुर्मास में सिद्धि तप की आराधना करें. आज के लाभार्थी अमृतलाल मूणत परिवार का बहुमान भी किया गया.